कार्यालय वन संरक्षक /क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 सहारनपुर वृत्त, सहारनपुर

पत्रांक 3442/14–10 सहारनपुर मार्च 26– 2018

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0 लखनऊ।

विषयः– सहारनपुर में नगरीय गैस वितरण परियोजनान्तर्गत बी0पी0सी0एल0 द्वारा 8"/6" व्यास की गैस पाईप लाइन डालने हेतु शिवालिक वन प्रभाग में 0.136 हे0 संरक्षित वन भूमि व सा0वा0 प्रभाग सहारनपुर के अन्तर्गत 6.207 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 109 वृक्षों व 116 पोल्स के पातन कुल 6.343 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 109 वृक्षों व 116 पोल्स के पातन की अनुमति।

संदर्भः– आपका पत्रांक 2692/सहारनपुर समेकित/27358/2017 दिनांक 20.3.2018

महोदय,

विषयांकित प्रस्ताव के सम्बन्ध में आपके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 20.3.2018 द्वारा लगाई गयी आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, सहारनपुर द्वारा अपने पत्रांक 3826/14–10 दिनांक 24.3.18 तथा प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर के पत्रांक 3243/14–10 दिनांक 24.3.2018 द्वारा प्रेषित किया गया है, जिसके कम में आपत्तियों का निराकरण निम्नवत प्रेषित है :–

Sl.no.	Observations raised by Nodal officer	Compliance
1	प्रभागीय निदेशक की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में प्रभावित वन भूमि की श्रेणी अंकित नहीं है।	प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग सहानपुर एवं प्रभागीय वनाधिकारी शिवालिक वन प्रभाग सहारनपुर द्वारा अपनी स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में प्रभावित वन भूमि की श्रेणी Protected forest अंकित कर दी गयी है।
2	प्रस्तावित वन भूमि की NPV जमा किये जाने की बचनबद्धता में प्रभावित वन भूमि के दुगने क्षेत्रफल की एन0पी0वी0 जमा किये जाने की वचनबद्धता संलग्न की गयी है, जो सुसंगत नहीं है। संशोधित बचनबद्धता ऑनलाइन अपलोड कर प्रति, प्रस्ताव के साथ संलग्न करने का कष्ट करें।	प्रभावित वन भूमि के क्षेत्रफल के समतुल्य एन0पी0वी0 जमा किये जाने से सम्बन्धित संशोधित बचनबद्धता प्रमाण पत्र, प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ऑन लाइन अपलोड कर दिया गया है तथा प्रति, प्रस्ताव के सथ संलग्न कर दी गयी है।
3.	एस0एच0–57 के स्वामित्व वाले विभाग (उपशा) की अनापत्ति संलग्न नहीं है, सत्यापित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करें एवं ऑन लाइन अपलोड करें।	एस0एच0–57 के स्वामित्व वाले विभाग (उपशा) की अनापत्ति की सत्यापित प्रति ऑन लाइन अपलोड कर दी गयी है, एवं प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दी गयी है।
4.	शिवालिक वन प्रभाग के प्रस्तावित स्थल के डिजिटल मानचित्र के साथ समस्त Key points के Cordinates अंकित नहीं हैं। डिजिटल मानचित्र के साथ समस्त Key points के Cordinates अंकित हस्ताक्षरित प्रति, पोर्टल पर अपलोड कर प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।	शिवालिक वन प्रभाग के प्रस्तावित स्थल के डिजिटल मानचित्र के साथ समस्त Key points के Cordinates अंकित कर दिये गये हैं, एवं हस्ताक्षरित प्रति, पोर्टल पर अपलोड करते हुये प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दी गयी है।

अतः उक्त संदर्भित पत्र द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण उक्तानुसार प्रेषित है, तथा अनुरोध है कि प्रस्ताव को स्वीकृत कराने की कृपा करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(सुनील कुमार दुबे)
मुख्य वन संरक्षक
प्रभारी, सहारनपुर वृत्त
सहारनपुर

पत्रांक 3443/14–10 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर।
2– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, सहारनपुर।
3– मुख्य महाप्रबन्धक, बी0पी0सी0एल0, 200–प्रथम तल, पैरामाउण्ट, टूलिप, दिल्ली रोड़ सहारनपुर।

(सुनील कुमार दुबे)
मुख्य वन संरक्षक
प्रभारी, सहारनपुर वृत्त
सहारनपुर